# खनन विभाग ने राजस्व वसूली में तोड़े रिकॉर्ड

**देहरादून।** खनन विभाग ने राजस्व वसूली में अब तक सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। विभाग को मुख्यमंत्री द्वारा खनन नीति का सरलीकरण करने एवं अवैध खनन पर अंकुश लगाने की वजह से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के प्रथम तिमाही में 146.18 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023–24 के प्रथम तिमाही में 177.27 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रथम तिमाही में 270.37 करोड़ तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम तिमाही में 331.14 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति की, जो विगत वर्ष की तुलना से 22.47 प्रतिशत अधिक है तथा अन्य वर्षों की अपेक्षा कई गुना अधिक है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजस्व प्राप्ति के सारे रिकॉर्ड तोड़कर कुल 1040.57 करोड़ राजस्व  अर्जित किया है। राजस्व प्राप्ति का श्रेय राज्य सरकार के उत्तराखण्ड उपखनिज नियमावली, उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली में सरलीकरण, ई–निविदा सह–ई नीलामी के माध्यम से नये खनिज लॉटो का चिन्हीकरण कर उनको ई–निविदा के माध्यम से आवंटित किया जाना, निदेशालय स्तर पर गठित प्रर्वतन दल के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम करना, मुख्यालय स्तर पर ई–रवन्ना **( शेष पृष्ठ 5 पर )**